भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1218**

जिसका उत्तर 29.07.2026 को दिया जाना है

**उत्तराखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग**

1218 # श्री महेंद्र भट्ट:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

पर्वतीय राज्यों, विशेष रूप से उत्तराखंड में राष्ट्रीय राजमार्गों पर भूस्खलन, सड़क धंसने एवं आपदा से प्रभावित हिस्सों के स्थायी समाधान के लिए कौन-कौन सी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

उत्तराखंड सहित पर्वतीय राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर भूस्खलन, पहाड़ी ढलान संरक्षण, चट्टान गिरने से बचाव, स्लिप जोन, ढलान/कटाव, सड़क धंसाव/कटाव, असुरक्षित स्थानों पर तटबंध और अन्य आपदा प्रभावित खंडों के जीर्णोद्धार के रूप में दीर्घकालिक प्रभावी शमन उपाय या तो स्वतंत्र (स्टैंडअलोन) आधार पर या व्यवहार्यता और कार्य (साइट) स्थल संबंधी आवश्यकताओं के आधार पर एनएच के किसी खंड के सुधार/उन्नयन/रखरखाव परियोजना के हिस्से के रुप में किए जाते हैं।

*****